समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# PM मोदी के संदेश के बाद अनुराग ठाकुर की पाकिस्तान को चेतावनी – “आंख दिखाई तो आंख नोच लेगें”

Publisher Published on 22 May 2025



## ऑपरेशन सिंदूर के बाद अनुराग ठाकुर की पाकिस्तान को चेतावनी – “आंख दिखाई तो आंख नोच लेगें”.

**नई दिल्ली / पांवटा साहिब : ऑपरेशन सिंदूर** के जरिए आतंकवाद पर सर्जिकल वार करने के बाद भारत अब **डिप्लोमैटिक** और **राजनीतिक** स्तर पर भी पाकिस्तान को साफ संदेश दे रहा है। गुरुवार को **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने रा**जस्थान के बीकानेर** में आतंकवाद के खिलाफ तीखा बयान दिया, वहीं **केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर** ने हिमाचल प्रदेश के पांवटा साहिब से पाकिस्तान को चेतावनी दी – “आंख दिखाई तो आंख नोच लेंगे।”

**अनुराग ठाकुर ने कहा – अब जनाजा उठाने वाला भी नहीं मिलेगा**

भाजपा सांसद **अनुराग ठाकुर** ने कहा: “पाकिस्तान आतंकवादियों के पीछे छिपकर हिंदुस्तान से लड़ना चाहता है। लेकिन अब भारत बदल चुका है। चाहे 1965 हो, 1971 हो या कारगिल युद्ध, हर बार भारत ने पाकिस्तान को धूल चटाई है। इस बार ऑपरेशन सिंदूर ने साफ कर दिया है कि पाकिस्तान अगर आंख उठाकर देखेगा, तो आंखें नोच ली जाएंगी।”

उन्होंने आगे कहा: “अगर अगली बार कोई आतंकी हमला हुआ, तो जनाजे उठाने वाला भी नहीं बचेगा और जनाजे में रोने वाला भी नहीं मिलेगा। पाकिस्तान की हवाई पट्टियों और सैन्य ठिकानों पर ऐसा प्रहार हुआ है कि वह चारों खाने चित हो गया है।”

**PM मोदी ने भी दिया सख्त संदेश – भारत की नई नीति साफ है**

राजस्थान के बीकानेर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पाकिस्तान को करारा जवाब देते हुए कहा: “22 अप्रैल के हमले के जवाब में

हमने 22 मिनट में आतंकियों के 9 सबसे बड़े ठिकाने तबाह किए। ऑपरेशन सिंदूर ने तीन स्पष्ट नीति तय की है —

१. **हमला हुआ तो जवाब ज़रूर मिलेगा**।

२. **समय, तरीका और शर्तें हंमारी होंगी**।

३. **आतंकवादियों और उनकी सरकार को अब अलग-अलग** नहीं देखा जाएगा। पाकिस्तान का ये खेल अब नहीं चलेगा।"

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.